# सोशल मीडयिा युवाओं में 'छूटने का डर' पैदा कर रहा है, जसिके कारण उनमें अवसाद और अकेलापन बढ़ रहा है

आपका समय सीमति है, इसे कसिी और का जीवन जीने में बर्बाद न करें।

-स्टीव जॉब्स

सोशल मीडयिा, जो प्रारंभ में एक सकारात्मक संचार एवं सूचनाओं के प्रेषण का माध्यम था, वर्तमान समय में युवाओं के मानसकि स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। **"छूटने का डर" या FOMO (Fear of Missing Out) एक ऐसा मनोवैज्ञानकि प्रभाव है,** जो सोशल मीडयिा पर अत्यधकि और लगातार उपस्थतिसि उत्पन्न हो रहा है। इसके कारण वर्तमान युवा पीढ़ी में अवसाद, तनाव और अकेलापन जैसी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। इस नबिंध में हम इस समस्या के **कारणों, प्रभावों और संभावति समाधान** पर चर्चा करेंगे।

सोशल मीडयिा वर्तमान समय में जीवन का एक **अभनिन हसि्सा** बन चुकी है। युवा पीढ़ी **फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वटिर और स्नैपचैट** जैसे प्लेटफार्मों पर घंटों समय बतािती है। ये मंच सूचना प्राप्त करने, मति्रों और परविार से जुड़े रहने तथा अपने वचिारों को साझा करने का एक साधन हैं। लेकनि, इसके साथ ही यह लगातार दूसरों की **गतविधियिों, जीवनशैली और उपलब्धयिों** को देखते रहने का एक माध्यम भी बन गया है।

युवाओं में **"छूटने का डर"** इसलयि उत्पन्न हो रहा है क्योंकविे अपने साथयिों की ऑनलाइन गतविधियिों से यह महसूस करते हैं कविे कसिी खास **घटना, उपलब्धि, या सामाजकि गतविधि** से वंचति हो रहे हैं। जब कोई अपने सोशल मीडयिा पर **मति्रों की यात्रा, सफलता, या पार्टी की तस्वीरें** देखता है, तो उसे यह महसूस होता है कविे उस अनुभव से वंचति हो रहे हैं, जसिसे उन्हें **मानसकि तनाव और असुरक्षा का अनुभव होता है।**

FOMO एक गहरी मानसकि स्थतिका संकेत है, जो हमारे **सामाजकि और मानसकि ताने-बाने पर गहरा असर डालती है।** यह युवाओं में आत्मसम्मान की कमी और आत्मसंदेह को बढ़ाता है। जब कोई व्यक्तयिह महसूस करता है कविे दूसरों की तुलना में कम अनुभव या उपलब्धयिाँ प्राप्त कर रहे हैं, तो इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनके मानसकि स्वास्थ्य पर पड़ता है।

सोशल मीडयिा पर बार-बार पोस्ट और स्टोरीज देखने से उन्हें यह अहसास होता है कउिनकी ज़न्दिगी में कुछ कमी है। यह मानसकि स्थतिधिीरे-धीरे **अवसाद और चति** की ओर ले जाती है। इस स्थतिमिें व्यक्तअिपने जीवन को दूसरों से कमतर मानने लगता है, जसिसे **आत्मसम्मान में कमी और अकेलापन बढ़ता है।**

"छूटने का डर" केवल एक अस्थायी भावना नहीं है, बल्कयिह लंबे समय तक चलने वाले मानसकि स्वास्थ्य के मुद्दों को जन्म दे सकता है। अवसाद और अकेलापन इन समस्याओं के प्रमुख परणािम हैं। सोशल मीडयिा का अत्यधकि उपयोग करने वाले युवा धीरे-धीरे अपने वास्तवकि जीवन के संबंधों से कटने लगते हैं। वे अपने **ऑनलाइन मति्रों और आभासी दुनयिा को अधकि प्राथमकिता देने लगते हैं,** जसिसे उनका सामाजकि जीवन प्रभावति होता है।

अकेलेपन की यह भावना उन्हें सामाजकि और भावनात्मक रूप से कमज़ोर बना देती है। इस स्थतिमिें व्यक्तसिमाज से कटने लगता है और उसे यह महसूस होता है कउिसके पास कोई नहीं है जो उसकी बात समझ सके। यह अवसाद और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। **वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** की रपिोर्ट के अनुसार, मानसकि स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसति युवाओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और इसका एक प्रमुख कारण सोशल मीडयिा का दुरुपयोग है।

सोशल मीडयिा का उपयोग अक्सर वास्तवकिता से अलग होता है। अधकिांश लोग सोशल मीडयिा पर अपनी जीवन की केवल **सफलताओं, खुशयिों और उत्सवों को साझा करते हैं।** यह एक आभासी दुनयिा का नरि्माण करता है, जो वास्तवकि जीवन से अलग होती है। **जब युवा इन पोस्ट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह लगता है कबिाकी सभी लोग उनके मुकाबले बेहतर जीवन जी रहे हैं।**

युवा अपने जीवन की तुलना इन आभासी छवयिों से करते हैं और यह समझ नहीं पाते कजिो वे देख रहे हैं वह वास्तवकिता नहीं, बल्ककिेवल जीवन के अच्छे हस्सिे का प्रदर्शन है। यह असमानता की भावना उन्हें मानसकि और भावनात्मक रूप से तोड़ देती है, जसिसे **अकेलापन और तनाव बढ़ता है।**

**सोशल मीडयिा ने भले ही लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य कयिा हो, लेकनि इसके दुष्प्रभाव भी व्यापक हैं।** वास्तवकि सामाजकि संबंधों की जगह आभासी संबंधों ने ले ली है। पहले जहाँ लोग अपने परविार और मति्रों से व्यक्तगित रूप से मलिते थे, अब उनकी **बातचीत और संवाद सोशल मीडयिा प्लेटफार्मों तक सीमति हो गया है।**

इसका परिणाम यह हुआ है कि युवा वास्तवकि संबंधों को समय नहीं दे पा रहे हैं। वे आभासी दुनिया में इतने खो जाते हैं कि उनके पास अपने आस-पास के लोगों के साथ वास्तवकि जुड़ाव का समय नहीं रहता। यह भावनात्मक दूरी **अकेलेपन और अवसाद** का एक प्रमुख कारण बनती है।

भारत में भी सोशल मीडिया का प्रभाव तेज़ी से बढ़ रहा है। इंटरनेट की बढ़ती पहुँच और स्मार्टफोन के उपयोग ने इसे और भी व्यापक बना दिया है **भारतीय युवाओं में भी FOMO का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।** भारत में **सामाजिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और परिवार की अपेक्षाएँ** पूर्व से ही मानसिक तनाव का कारण रही हैं। ऐसे में, सोशल मीडिया पर दूसरों की उपलब्धियों को देखना इस तनाव को और बढ़ा देता है।

विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, जहाँ युवा लगातार अपने साथियों की उपलब्धियों से तुलना करते हैं, वहाँ FOMO का प्रभाव अधिक दिखाई देता है **शिक्षा, कॅरियर और सामाजिक प्रतिष्ठा** को लेकर बने दबाव के कारण युवा अपनी मानसिक शांति खो रहे हैं।

हालाँकि सोशल मीडिया को पूरी तरह से त्यागना संभव नहीं है, लेकिन इसे सही ढंग से उपयोग करके इसके दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। कुछ प्रमुख उपाय इस प्रकार हैं:

**(i) सोशल मीडिया डिटॉक्स:** समय-समय पर सोशल मीडिया से ब्रेक लेना आवश्यक है। यह मानसिक शांति के लिये महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्यक्ति को वास्तविक जीवन से फिर से जोड़ने में मदद करता है।

**(ii) सीमित उपयोग:** सोशल मीडिया का सीमित और सोच-समझकर उपयोग करना आवश्यक है। युवाओं को चाहिये कि वे इसके अत्यधिक उपयोग से बचें और केवल जरूरी जानकारी प्राप्त करने के लिये इसका उपयोग करें।

**(iii) वास्तविक जीवन के संबंध:** आभासी दुनिया के बजाय वास्तविक जीवन के संबंधों को प्राथमिकता देनी चाहिये। मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना मानसिक स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है।

**(iv) मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता:** युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ानी चाहिये। स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिये, ताकि युवा इन समस्याओं को संबोधित करने के लिये तैयार रहें।

**"छूटने का डर" यानी FOMO एक गंभीर मनोवैज्ञानिक समस्या है,** जो युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रही है। सोशल मीडिया, जो एक साधन होना चाहिये था, अब अवसाद और अकेलेपन का कारण बनता जा रहा है। यह आवश्यक है कि युवा इस समस्या को समझें और इसका समाधान खोजें।

**सरकारों, शिक्षण संस्थानों और समाज के हर वर्ग** को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि युवा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को समझें। सही दिशा में उठाए गए कदम न केवल युवाओं को मानसिक शांति प्रदान करेंगे, बल्कि समाज में भी एक संतुलन और समृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**सबसे बड़ा धन थोड़े में संतुष्ट रहना है।**

**— प्लेटो**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/social-media-is-triggering-fear-of-missing-out-amongst-the-youth-precipitating-depression-and-loneliness